हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 10 जून 2025

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

13 जिला अस्पताल परिसर से गुमटियां हटाई जाएगी...



14 ब्रह्माकुमारीज ने प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के...






## 10वीं, 12वीं व स्नातक पास विद्यार्थियों के लिए फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## खबर संक्षेप

### नींव खोदने पर मारपीट 2 लोगों पर मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम माहुद अ मे नीव खुदाई के दौरान विवाद व मारपीट की नौबत आ गई। पुलिस के अनुसार किशोर कुमार भारती ने जानकारी दी कि शनिवार को सुबह 8 बजे मकान के बाजू मे चुरामन और उनका बेटा प्रतीक कुमा नीव खुदाई कर रहे थे। बैंठक मे ग्रामीणो ने दोनो मकान के बीच 3 फीट का जगह छोड़ने का निर्णय लिया था। जिससे दोनो पक्ष सहमत थे। बावजूद 3 फीट जगह नही छोड़ने खुदाई कर रहे थे। इसी का विराध करने पर दोनो ने हाथ मुक्का से मारपीट की। अर्जुन्दा थाने मे दो लोगो के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### ग्राम परना के कुएं में युवक का शव मिला, जांच जारी

**बालोद।** अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के ग्राम परना मे एक युवक ने घर के कुंआ मे ही शव संदिग्ध हालत मे मिला है, मामले की जानकारी घर वालो को देर रात 8 बजे के करीब हुई जिसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। यह हादसा है कि कोई साजिश या आत्मघाती कदम, यह पुलिस जसंच मे ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम परना निवासी वेदव्यास ठाकुर 30 वर्श को जब परिजन बहुत रात हो जाने के बाद घर नही पहुंचे तब परिजनो द्वारा उनकी खोजबीन शुरू की गई, इसी खोजबीन के बीच ग्रामीणो को युवक का शव घर मे ही स्थित कुंआ मे मिला। जिसके बाद पुलिस द्वारा ग्रामीणो की मदद से युवक को बाहर निकाला गया, जहां युवक को अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरो द्वारा युवक को मृत घोशित कर दिया गया। युवक कुआं मे कैसे गिरा इसकी जांच की जा रही है। युवक द्वारा ऐसा कदम कितने बजे व क्यो उठाया गया इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

### युवक से मारपीट करने वाले पर मामला कायम

**बालोद।** शहर के आमापारा नहर के पास बैठकर अपने पिता से बात कर रहे एक युवक को पास मे खड़े युवक ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी जिसके बाद मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आमापारा वार्ड 13 निवासी डोमेन्द्र बघेल ने बताया कि वह आमापारा नहर के पास बैठा था तभी ▶▶| शेष पेज 12 पर

धनेली हाई स्कूल व्यायाम शाला के लिए डीएमएफ निधि से 14:50 लाख रूपये स्वीकृत

# व्यायाम शाला 10 माह बाद भी अस्तित्व में नहीं आया व लाखों का कर दिया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

डीएमएफ निधि से बन रहे खुला व्यायाम शाला मे सामग्री आने के पहले ही पंचायत ने लाखो का भुगतान कर दिया। पंचायत महीनों से लगातार सामग्री आपूर्ति करने के लिए संबंधित संस्थानो से कह रही है, पर संबंधित संस्थान सुन नही रहे है और न ही प्रशासन ध्यान दे रहा है। नतीजा संबंधित ठेकेदार पंचायत से चेक लेकर घूम रहा है और राशि जारी होने के महीनो बाद भी बच्चो को खुला व्यायाम शाला का लाभ नही मिल रहा है। पंचायत पदाधिकारियों के बयान से स्पष्ट है कि पंचायत का कार्य ठेकेदार के माध्यम से करा जा रहा है।

- 5 दिन बाद स्कूल खुलने वाला है, स्कूल मैदान मे बेतरबीत फैली रेत, मुरूम का ढेर बच्चो होंगे परेशान

मामला ग्राम पंचायत धनेली का है, यहां हाई स्कूल प्रांगण मे डीएमएफ निधि से 14:50 लाख रूपये स्वीकृत हुआ। यह स्वीकृति अगस्त 2024 को प्राप्त हुई थी। पंचायत को 7.25 लाख रूपये की राशि भी भेज दी गई, लेकिन 10 माह बाद भी खुला व्यायाम शाला अस्तित्व मे नही आ सका, अब भी कार्य स्थल पर मात्र रेत एवं गुणवत्ताहीन मुरूम का ढेर लगा हुआ है। खुला व्यायाम शाला ग्राम के हाई स्कूल प्रांगण मे बनाया जा रहा है। 5 दिन बाद स्कूल खुलने वाला है ऐसे मे स्कूल मैदान मे बेतरबीत फैली रेत, मुरूम का ढेर बच्चो के लिए परेशानी का कारण बनेगा। पंचायत ने राशि जारी होने के बाद बिना सामग्री प्राप्त किए ही दो कि"त मे दो संस्थानो को भुगतान कर दिया। पंचायत सूत्रे से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत ने पंचायत चुनाव की आचार संहिता लगने के पहले बिना ▶▶| शेष पेज 12 पर



### बोर्ड जल्द लगाया जाएगा

उपअभियंता व्यास नारायण साहू ने कहा सूचना बोर्ड नही लगा है, जल्द लगा दिया जाएगा, संबंधित को बोलकर कार्य जल्द कराया जाएगा।

### चेक 5 माह पूर्व ही दे दिया गया था

मामले मे तत्कालीन सचिव चोवा राम साहू ने कहा हमसे दबाव पूर्वक चेक लिया गया है। 17 जनवरी 2025 को 2.30 लाख का चेक एवन ट्रेडर्स के नाम से तथा 4.95 लाख का चेक बस्तर एसोसिएट के नाम से जारी किया गया है, जिसका आहरण भी हो गया है, लेकिन कई बार बोलने के बाद भी सामग्री पंचायत को नही मिली। कार्य ठेकेदार कर रहा है। वर्तमान सचिव मनीश कुमार साहू ने कहा मै कई बार मौखिक रूप से संबंधितो को कहा चुका हूं, लेकिन निर्माण की गति भी नही बढ़ा रहे है और न ही सामग्री की आपूर्ति कर रहे है, जबकि चेक 5 माह पूर्व ही दे दिया गया था। अब स्कूल खुलने पर बच्चों को परेशानी होगी।

# पं. प्रदीप मिश्रा की शिवपुराण कथा के लिए कालेज मैदान में हुआ भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम/अण्डा

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले का 19 जून से प्रारंभ होने वाली शिवमहापुराण की कथा के लिए 9 जून सोमवार को प्रदोश व्रत महापर्व पर शाम 5 बजे स्व.पुकेश्वर सिंह भारदीय कॉलेज मैदान में पं. भावेश पांडे द्वारा मंत्रेचार से गौरी गणेश का पूजन, ध्वज पूजन व विधिवत पूजा अर्चना कर अतिथियो ने मिलकर भुमिपूजन सम्पन्न हुआ।

इस आयोजन की सफलता की तैयारी में पूरे निकुम सहित अंचल के ग्रामीण जुड़ कर सेवा करने का संकल्प लेकर हजारो भक्तो शिव भक्तो ने हर हर महादेव की गुंज जयकारे लगाये, वही पूजा में कथा का समय लेने वाले संयोजक प्रमुख रुपेश देशमुख व जनपद सदस्य लीलावती देशमुख सहित आयोजन में सभी शामिल हुए।

अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले के श्रीमुख से 19 जून से 23 जून तक दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक शिवमहापुराण की कथा होगी। इस अवसर पर संयोजक रुपेश देशमुख ने कहा कि सभी का जनसहयोग मिल रहा है ,वही तीन डोम वाटर फुरफ शेड सहित टेन्ट लगेंगें, वही 50 एलईडी टीवी से कथा को श्रध्दालु सुन सकेंरगें, वही प्रतिदिन स्टेडियम निकुम में लाखो भक्तो का भोजन भंडारा की व्यवस्था रहेगी, मैदान में महिला समूहो ने श्रमदान कर सफाई किया। मुरम फीलिंग कार्य हो गया है, वही भक्तो के प्रवेश द्वार सहित पंडित प्रदीप मिश्रा के लिये सुरक्षित अलग गेट रहेगी, जिसमें आम लोगो का प्रवेश वर्जित रहेगा, व्हीव्हीआई, वहीआईपी व्यवस्था, हैलीपेड सहित सहित सड़क मार्गो पर सुचना साइन बोर्ड रहेगी, श्रध्दालुओ, भक्तो को पुरी सुविधा व राहत मिले इस हेतु समिति का दिनरात धर्मकार्य में जुटी है।

- निकुम आएंगे प्रदीप मिश्रा, तैयारी जोरों पर, कथा का शुभारंभ 19 को किया जाएगा

वही इस भुमिपूजन आयोजन में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग माया बेलचंदन, पूर्व जिलापंचायत सदस्य नंदकुमार साहू, सलाहकार हालेकोसा दिनेश साहू, उपसरपंच निकुम गोपेन्द्र साहू, राजकुमार साहू, श्री शिवायः ▶▶| शेष पेज 12 पर



## बेशकीमती लकड़ी समेत 2 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

वन विभाग बालोद की टीम ने अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए दो ट्रैक्टर बेशकीमती लकड़ी से भरे जब्त किए है। जानकारी के मुताबिक तस्कर जगन्नाथपुर, सांकरा और सुंदरा क्षेत्र से पेड़ो की अवैध कटाई कर रातो रात लकड़ियो को काटते है और सुबह होते ही इन्हे मिलो मे खपाने की कोशिश करते है। उड़नदस्तादल ने गस्त के दौरान बालोद–सुंदरा सड़क मार्ग पर भोथली के पास ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 19 बीएफ 8233 को पकड़ा। ट्रैक्टर मे गीली सीरस, आम और जामुन की लकड़ियो को अवैध रूप से लदी पाई गई। टीम ने कुल 12 नग लकड़ी जब्त की। जिसकी अनुमानित मात्र लगभग 3.17 घन मीटर बताई जा रही है। वन विभाग द्वारा जब्त की गई लकड़ियो की कीमत का आकलन किया जा रहा है। वही विभाग ने मामले मे आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## एग रोल दुकान में सिलेंडर फटा, लगी आग से दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम भुसरेंगा मे देर रात एक एग रोल दुकान मे सिलेण्डर ब्लास्ट होने से आस पास के लोगो मे दहशत छा गया। जिससे देर रात हुए इस विस्फोट की आवाज से लोग जाग गए। सिलेण्डर ब्लास्ट से उठी आवाज व आग से सहमे दिखे। ग्राम भुसरेंगा मे देर रात लगभग 2 से 3 बजे के बीच अचानक से एक एग रोल दुकान मे आग लग गया, जहां रखे सिलेण्डर मे ब्लास्ट हुआ, जिसकी आवाज से आस पास के लोगो को घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद आस पास के लोग उठकर आग को बुझाने मे मदद किये।

ग्राम भुंसरेगा निवासी एग रोल दुकान के मालिक सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि वे पिछले 5 वर्षो से इस स्थान पर एग रोल अण्डा दुकान लगाते आ रहे है। वही बीती रात इसी प्रकार वे दुकान संचालन करने के बाद दुकान बंदकर अपने घर चले गए थे, लेकिन रात करीब 2 से 3 बजे दुकान मे अचानक से ब्लास्ट होने की आवाज आई, जिसके बाद आस पास के साथ मै भी उठकर जब दुकान को देखा तो दुकान मे रखा सिलेण्डर ब्लास्ट हो गया था तथा दुकान पुरी तरह आग की चपेट मे आ गया था, जहां रखे सामान पुरी तरह जल गए थे, जिसके बाद आस पास के लोगो की मदद् से आग पर काबू पाया गया। इस मामले को लेकर दुकानदार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। वही दुकान मे अचानक देर रात आग कैसे लगी तथा आग लगने का क्या कारण हो सकता इस संबंध मे पुलिस जांच कर रही है।






सुशासन तिहार के शिविर में सड़क निर्माण के लिए 11 करोड़ 47 लाख रुपये मंजूर

# जुनवानी-चिखली मार्ग निर्माण से 30 किमी की यात्रा मात्र 3 किमी की होगी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के वनांचल क्षेत्र डौण्डी में ग्राम जुनवानी से चिखलीटोला तक का सफर अब 30 किलामीटर का नही 03 किलोमीटर का होगा। यह सड़क लंबे समय से ग्रामीणों के लिए एक चुनौती रहा है। कच्ची और पथरीली सड़कें, जो एक पहाड़ी रास्ते से होकर गुजरती हैं, कई दशकों से यहां के लोगों को मुश्किलों से जूझने को मजबूर किया। लगभग तीन किलोमीटर की भौगोलिक दूरी के इस दुर्गम मार्ग को पार करने के लिए ग्रामीणों को 30 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता था, जिसमें समय, मेहनत और संसाधनों की भारी बर्बादी होती थी। लेकिन अब यह दशकों पुराना इंतजार खत्म होने जा रहा है।

**आवागमन की मिलेगी सुविधा-** अब तीन किलोमीटर की दूरी को तय करने में लगने वाला समय और पैसा दोनों बचेंगे। ग्रामीणों को बाजार तक आसानी से पहुँच मिलेगी, किसानों के लिए उनके खेतों का रास्ता सुगम होगा, और हर राहगीर को नई उम्मीद का आधार मिलेगा। ग्रामीण सालिक राम कोलियारा की ने बताया कि पहले यह रास्ता पगडंडी की तरह था, जहां सामान का बोझा ढोकर पैदल चलना पड़ता था। उनके दादा–पिता का सपना, जो अधूरा रह गया था, अब मुख्यमंत्री के इस ▶▶| शेष पेज 12 पर

### अंचल में खुशी की लहर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार के दौरान इस पक्की सड़क की स्वीकृति ने न केवल ग्रामीणों की उम्मीदों को नई उड़ान दी है, बल्कि क्षेत्र के विकास की एक नई गाथा लिखने की नींव रखी है। एक समय था जब ग्रामीणों ने अपनी एकता और मेहनत की मिसाल पेश करते हुए इस कच्चे मार्ग को श्रमदान से बनाया था। यह रास्ता उनके संकल्प का प्रतीक था, जिसे वे चलने लायक बनाने में सफल रहे, लेकिन पक्की सड़क की कमी ने इसे वाहन योग्य बनाने में बाधा डाली। ग्रामीणों के इस प्रयास को सम्मान देते हुए मुख्यमंत्री साय ने सुशासन तिहार के दौरान ग्राम जुनवानी से चिखली तक सड़क निर्माण के लिए 11 करोड़ 47 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की। यह कदम केवल एक सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों के श्रम, उनके सपनों और उनके संघर्ष को साकार करने का प्रतीक है।

# हुडको मांगलिक भवन का निर्माण जल्द पूरा होगा: विधायक देवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने रविवार को लोगों से मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं और समाधान की उम्मीद जताई। विशेष रूप से बीईसी कंपनी के पूर्व कर्मचारियों ने विधायक यादव का सम्मान किया। वर्षों से ग्रेच्युटी जैसी लंबित राशि को लेकर संघर्ष कर रहे इन मजदूरों को हाल ही में सफलता मिली है। यूनियन की एकजुटता और सतत प्रयासों से उन्हें उनकी मेहनत का हक मिला। इस अवसर पर उन्होंने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके समर्थन की सराहना की। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि आज का दिन बड़े हर्ष का दिन है। यूनियन अध्यक्ष आदित्य सिंह के नेतृत्व में यह कार्य पूरा हुआ।

## बीईसी से वेतन दिलाने पर किया सम्मान



### मुआवजा की समस्या बताई लोगों ने

खुर्सीपार क्षेत्र से आए कुछ नागरिकों ने विधायक को बताया कि उनके मकान सिवरेज निर्माण कार्य के चलते टूटने की स्थिति में हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करे। यादव ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने बताया कि कल सोमवार को वे कलेक्टर कार्यालय जाकर विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा करेंगे और आवश्यक कार्रवाई के लिए दबाव बनाएंगे।

### हुडको में सिवरेज समस्या

लोगों से मुलाकात करने के बाद भिलाई नगर विधायक हुडको क्षेत्र का दौरा करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवरेज की बड़ी समस्या है।वर्षों से हुए इस समस्या से जूझ रहे हैं। बारिश के दिनों में सड़क और नाली का पानी लोगों के घरों में और गलियों में भर जाता है इसलिए लोगों को बड़ी परेशानी होती है। विधायक ने कहा कि वे चल रही शिवराज समस्या का निराकरण कराएंगे। इसके बाद विधायक मांगलिक भवन पहुंचे. करीब एक करोड रुपए की लागत से हुडको में मांगलिक भवन मनाया जा रहा है। जिसका नाम बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखा गया है। यह सार्वजनिक मांगलिक भवन से इस क्षेत्र के लोगों को बड़ी सुविधा होगी। शादी ब्याह सगाई जन्मदिन जैसे कई आयोजन यहां किया जा सकेंगे। विधायक ने कहा कि इसका जल्द ही निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा और इसका लोकार्पण किया जाएगा ताकि लोगों को इसका लाभ जल्दी मिल सके।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी व एसएसबी ने लगाए चार सौ पौधे

**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग (टीएसडी) तथा सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के तत्वावधान में सेक्टर 8 सड़क 42, निरंकारी भवन के निकट पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। 400 मिश्रित प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। मुख्य अतिथि के उत्पल दत्ता थे। विशेष अतिथि के रूप में कमांडेंट (एसएसबी) कीर्तिवर्धन, द्वितीय कमान अधिकारी शंकर प्रसाद बर्नवाल थे उद्यानिकी अनुभाग प्रमुख डॉ. एनके जैन सहित विभाग के राजेश शर्मा, एस. एल अग्रवाल, गफ्फार खान, व्ही. संदीप नायडू, एनके सिन्हा, ललित सीएम चंद्राकर, तथा किरण ठाकुर आदि उपस्थित थे। पंडित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र सेक्टर 8 परिसर में भी पौधारोपण किया गया।

### सफाई व्यवस्था चरमराई

**भिलाई।** बारिश के मौसम के दस्तक देने के बाद भी टाउनशिप में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने का खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। कई सेक्टरों के अंदरुनी इलाकों, सड़कों के किनारे, बाजारों और बेकलेन में जमा कचरे के कारण गंदगी और दुर्गंध का माहौल है। सेक्टर 1, 4, 6,7, 8 और सेक्टर 4 आदि सेक्टरों के क्रास स्ट्रीट सड़कों के किनारे आवारा मवेशी डस्टवीनो से भरे कचरे को फैला रहे हैं। कुछ लोग गंदी व बदबू से निजात पाने कचरे में आग भी लगा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सफआ कर्मी नियमित कचरा नही उठा रहे हैं। डस्टवीन के बाहर का ही कचरा रिक्शे मे ले जाते हैं। बारिश होने पर यह कचरा बदूब दे रहा है और राहगीर नाक व मुंह मे रुमाल रखकर गुजर रहे हैं।

### कोहका रोड पर दुर्घटना का अंदेशा

**भिलाई ।** कोहका कुरुद रोड पर भारी ट्रैफिक के कारण जाम के हालात और दुर्घटनाजन्य स्थिति के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ड्यूटी और कालेज टाइम में सुबह शाम अवंति बाई चौक से पुरी आईटीआई के आगे तक भारी ट्रैफिक होता है। इस रोड के चौड़ीकरण के बाद दोपहिया व कार चालक फुल स्पीड में गाड़ियां दौड़ाते हैं। इससे भी लोगों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आए दिन छिटपुट दुर्घटनाएं हो भी रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई जगह चौड़करण अव्यवस्थित होने से भी परेशानी हो रही है। मार्केट के पास पार्किंग की जगह नहीं होने से लोग गाड़ियां सड़क से सटाकर बेतरतीब खड़ी कर रहे हैं। ट्रैफिक जवान भी यहां तैनात नहीं होते हैं। इस प्रमुख व्यस्ततम रोड से कातुलबोर्ड, जुनवानी, कुरूद और जामुल आदि स्थानों के लिए दिनभर आवाजाही बनी रहती है। इस रोड के किनारे कॉलेज, स्कूल और आईटीआई आदि शैक्षणिक संस्थान और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आदि होने से सघन ट्रैफिक होता है। ज्यादातर समस्या सुबह 7 से 11 बजे और शाम को 5 से 8-9 बजे तक ट्रैफिक के चलते होती है।

## पूर्व स्पीकर प्रेमप्रकाश पांडेय ने 3 दशक से अधिक की यात्रा में दिलाई कई सौगातें

# फौलादी विजन से बदली भिलाई की तस्वीर एजुकेशन हब के रूप में भी हुआ विकसित

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

सेल की ध्वजवाहक इकाई भिलाई इस्पात संयंत्र में फौलाद ही नहीं ढलता बल्कि इसे शहर को कई बड़े सियासतदान देने का भी गौरव हासिल हैं। इनमें कुछ तो ऐसे विरले राजनीतिज्ञ शुमार हैं,जिन्होंने अपनी सियासी चमक से न सिर्फ अपने शहर वरन पूरे प्रदेश को चकाचौंध किया। चार दशक तक अपने विकासोन्मुखी विजन और अल्हदा सियासी शैली से प्रदेश के सियासी फलक में धूमकेतु की तरह छाए रहने वाले कद्दावर भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय की पहचान लीक से हटकर चलने वाले सियासतमंदों में रही है। अपने कई अनूठे जनोन्मुखी कार्यों,जन प्रतिनिधियों सहित राज्य सरकार में बड़े पदों में रहने के साथ मिनी इंडिया में इंडिया की सोच के बतौर एक बड़ा फालोअर दुर्ग संभाग ही नहीं, पूरे प्रदेश में विरले नेता हैं। यही वजह है कि आज किसी पोर्टफोलियो में नहीं होने के बाद भी संगठन और सत्ता को उनके दीर्घ अनुभवों का लाभ मिल रहा है।

80 के दशक में छात्र राजनीति से अविभाजित मध्यप्रदेश में भिलाई से राजनीतिक सफर शुरु करने वाले भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय उन चंद नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने आधी सदी से सत्तासीन कांग्रेस के दौर में भिलाई दुर्ग के साथ प्रदेश भाजपा संगठन और सत्ता की जड़ों को मजबूत किया। 90 में मप्र के पटवा मंत्रीमंडल में शिक्षा व कृषि राज्य मंत्री से लेकर छग के रमन सरकार में 04-5 विधानसभा अध्यक्ष और फिर उच्च शिक्षा मंत्री तक की यात्रा में राज्य के विकास में योगदान के साथ भिलाई की तस्वीर को बदलने बदलने में भी महती योगदान किया। खासकर भिलाई को एजूकेशन हब बनाने और पटरीपार के विकास में उनके कार्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भिलाईयंस भी मील का पत्थर मानते हैं। भिलाई में आईआईटी, एक्सीलेंस आटीआई, विवेकानंद टेक्नीकल यूनिवर्सिटी की स्थापना के साथ दुर्ग जिला सहित प्रदेश में सैकड़ों कालेज व स्कूल भाजपा शासन में श्री पांडेय के मंत्रित्व कार्यकाल में ही खुले। यह श्री पांडेय के बूते की बात थी कि पूर्व पीएम अटलबिहारी वाजपेयी के प्रयास से केंद्र में कांग्रेस काल में पीएम मनमोहन सिंह के करकमलों से टेक्नीकल विवि की बुनियाद रखवाने का गौरव दिलाया। वर्षों से मृतप्राय पड़ी वृहद जल परियोजना को जल आवर्धन योजना के रुप में शिवनाथ के पानी से पुनर्जीवित कर वर्षों से भीषण पेयजल किल्लत से जूझ रहे पटरीपार के आधे शहर को मटका फोड़ प्रदर्शन की जल समस्या से निजात दिलाकर पानी वाले बाबा के रुप में चर्चित हुए। इस इलाके में चौड़ी, कैनाल रोड, कैंप रोड जैसी सड़कें, एलईडी लाइटें, सुंदर उद्यान, कालेज, पानी टंकियां, खुर्सीपार व सौ बिस्तर सुपेला अस्पताल आदि विकास से पटारीपार को स्लम के अभिशाप से मुक्ति दिलाई। वहीं बीएसपी कर्मियों को प्रोफेशनल टैक्स से निजात दिलाई व बीएसपी टाउनशिप में भी सौ से अधिक उद्यान, हाईकोर्ट से बिजली बिल हाफ कराने, हुडको में तारामंडल योजना और भिलाई निगम के जरिए बीएसपी को कई नए कार्यो के लिए प्रेरित किया।

### आईआईटी, स्वामी विवेकानंद टेक्नीकल विवि के साथ जल आवर्धन योजना को किया फलीभूत





### संगठन और सत्ता को मजबूत करने में निभा रहे अहम किरदार

दुर्ग संभाग के साथ प्रदेश की राजनीति में प्रेमप्रकाश पांडेय इकलौते नेता हैं, जिनके खाते में कुछ अनूठी उपलब्धियां दर्ज हैं। वे 1985 में प्रसिद्ध श्रमिक नेता व विधायक रवि आर्य जैसे दिग्गज कांग्रेस नेता को पराजित कर 1990 में विधायक व सुंदरलाल पटवा मंत्री मंडल में राज्य मंत्री बने। फिर उन्हें 04-5 में छग के स्पीकर बनने व रमन मंत्रीमंडल में विधानसभा में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को आमंत्रित करने तथा मप्र व छग के विधायकों व मंत्रियों को भिलाई संयंत्र में फौलाद ढलते दिखाने का भी गौरव हासिल है। श्री पांडेय करीबन 3 दशक की चुनावी यात्रा में भिलाई विस से 4 बार जीते 4 बार पराजित हुए। वे पूर्व सीएम भूपेश बघेल से 3 साल पहले रवि आर्य को हराकर पहली बार 1990 में विधायक बने । फिर 93,2003 व 013 में कांग्रेस प्रत्याशी बदरुद्दीन कुरैशी से जीते। लेकिन कुरैशी से 98, 08 व कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से 018 व 2024 में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। कई उतार चढ़ाव से गुजरते हुए भिलाई सहित प्रदेश के विकास में अहम किरदार निभाने वाले दिग्गज भाजपा नेता प्रेमप्रकाश पांडेय वर्तमान में किसी बड़े पद पर नहीं होते हुए भी संगठन व सत्ता को उनके गहन तजुर्बे का लाभ मिल रहा है।

# स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली अपनाएं: पवन कुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीएसपी के सेक्टर 9 अस्पताल के मुख्य द्वारा के सामने सेक्टर-9 चौक में सूर्यनमस्कार की कलात्मक मूर्ति का अनावरण किया गया। यह कलाकृति भारत की प्राचीन योग परंपरा को समर्पित है और सूर्यनमस्कार के बारह योगिक आसनों को कलात्मक शैली में दर्शाया गया है। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार बेहरा, सीजीएम संदीप माथुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. उदय कुमार, उत्पल दत्ता, सेफी व ओए अध्यक्ष एन के बंछोर तथा महासचिव परविन्दर सिंह उपस्थित थे। प्रतिमा की डिजाइनिंग टाउन आर्किटेक्ट प्लानिंग सेक्शन, नगर सेवाएं विभाग के उमाशंकर राव द्वारा की गई थी। बीएसपी के स्टील प्लेटों का उपयोग करके इन-हाउस संसाधनों से निर्मित की गई है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एसएम शाहिद अहमद, विष्णु के पाठक, जीएम डॉ. एनके जैन, जीएम प्रशांत तिवारी, डीजीएम राजीव कुमार, डीसी सिंह, राघवेंद्र गर्ग, बीएल मीणा, एजीएम सरोज झा औ एनके मिश्रा उपस्थित थे ।

■ जेएलएन अस्पताल के सामने सूर्यनमस्कार कलाकृति का अनावरण

### सम्मान...



**भिलाई।** उड़ान नई दिशा संस्था द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पत्नी कौशल्या देवी साय ने ननि भिलाई के उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# आरईडी कर्मियों को मिला शिरोमणी पुरस्कार, टीम वर्क को सराहा गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के आरईडी विभाग में को कर्म शिरोमणी पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास थे। प्रेम दास साहू और प्रदीप कुमार को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्मिकों की प्रशंसा की। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले कार्मिकों के टीम वर्क की सराहना करते हुए कहा कि कर्मियों के समर्पण से बीएसपी को लाभ होगा। साथ ही कर्मियों का भी मनोबल सदैव उंचा रहेगा। कार्यक्रम में महाप्रबंधक राजेश गर्ग, आरगोपाल कृष्णन, डीजीएम सतीश कुमार अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, एजीएम इंद्रदीप चटर्जी, अमित रॉय व अनिल पाढ़ी, वरिष्ट प्रबंधक राकेश सिंह ठाकुर एवं प्रबंधक फिलोमिना एक्का व पुष्पेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय एवं अनुभाग अधिकारी लेखा देवराजन द्वारा किया गया।

■ मुख्य अतिथि ने की टीम वर्क की सराहना

## कैपिटल रिपेयर के बाद कोक पुशर-7 का उद्घाटन, टीम वर्क से हुआ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग (सीओ एंड सीसीडी) में कोक पुशर-7 के सफल कैपिटल रिपेयर के बाद पुनः प्रचालन प्रक्रिया में शामिल किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने कोक पुशर-7 का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी विजय जय कुमार बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक पीके सिंह आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कहा कि ने कहा कि इस तरह की आत्मनिर्भर रखरखाव रणनीतियाँ उत्पादन निरंतरता बनाए रखने के साथ संयंत्र की दीर्घकालिक दक्षता और तकनीकी आत्मनिर्भरता को भी सुदृढ़ करती हैं। उन्होंने ऐसे प्रयासों को संयंत्र की सतत प्रगति और कार्य संस्कृति का उदाहरण बताया। कोक पुशर-7 के कैपिटल रिपेयर का कार्य दिसंबर 2023 में प्रारंभ हुआ था। इसे मई 2025 में पूरी तरह संयंत्र के आंतरिक संसाधनों एवं विभागीय विशेषज्ञता से सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह मरम्मत कार्य महाप्रबंधक प्रभारी एस. रॉयचौधरी सहित महाप्रबंधक प्रभारी डीके सामंतरे, जीएम के नंद कुमार, महाप्रबंधक शशिकांत, उप महाप्रबंधक एसआर मोहापात्रा तथा सहायक महाप्रबंधक वीरेंद्र सिंह का योगदान रहा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा के 13 मंडलों में विशाल तिरंगा यात्रा

# शौर्य के सम्मान में निकाली घर-घर तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला के तत्वाधान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं सेना के अद्भुत साहस व शौर्य के सम्मान में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा भाजपा के सभी मंडलों में वार्ड व ग्राम स्तर तक निकाली गई। इसी कड़ी में कैंप मंडल, वैशाली नगर मंडल, सुपेला मंडल, कोहका मंडल, एवं सभी 13 मंडलो में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला महामंत्री द्वय प्रेमलाल साहू व बिजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, जिला मंत्री व तिरंगा यात्रा संयोजक विजय जायसवाल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष व तिरंग यात्रा सह संयोजक अमित मिश्रा सभी मंडलों में उपस्थित रहकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया।

भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने भारतीय सेना के शौर्य और साहस की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस तरह आतंकवादियों के द्वारा निर्दोष पर्यटकों की जान ली गई, मां बहनों का सुहाग उजाड़ दिया गया। इसके खिलाफ एक साहसिक कदम उठाने की जरूरत थी, जो कि भारतीय सेना ने कर दिखाया। भारतीय सेना द्वारा लागू की गई ऑपरेशन सिंदूर की वजह से पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों को भारत में हमला करने से पहले दस बार सोचना पड़ेगा।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष व तिरंगा यात्रा सह संयोजक ने कहा कि तिरंगा हमारे शौर्य का प्रतीक है और सेना हमारा गौरव है इनके सम्मान के लिए हम सभी आम जनमानस के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा घर घर जाएंगे।

सेना के उत्साहवर्धन और तिरंगे के प्रति सम्मान को दर्शाता है, हमे गर्व है हमारी सेना पर और गौरव हैं तिरंगे पर, जनमानस के मन में राष्ट्र भक्ति का भाव जगाने यह कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रजेश बिचपुरिया, वीरेंद्र साहू, शिरीष अग्रवाल, महेश वर्मा, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू व बिजेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, विजय जायसवाल, अमित मिश्रा, शंकर लाल देवांगन, प्रवीण पांडे, त्रिलोचन सिंह, तुलसी साहू, सुंदरलाल साहू, तरुण सिंह, दीपक भोंडेकर, गोपाल साहू, शशि भगत, रोहित साहू, गोल्डी सोनी, धर्मेंद्र सिंह, गौरीशंकर, वरुण यादव, प्रशांत गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष...

### व्यायाम शाला 10...

सामग्री प्राप्त किए 17 जनवरी 2025 को 2.30 लाख एवन ट्रेडर्स के नाम से 4.95 लाख का बस्तर एसोसिएट के नाम से चेक जारी कर दिया। चेक जारी करने के 5 माह बाद भी निर्माण स्थल पर रेत मुरूम का ढेर ही स्कूल मैदान मे लगाया है, वही 2.30 लाख का बिल भी पंचायत ने चढ़ा दिया है लेकिन 4.95 लाख की राशि का कोई हिसाब पंचायत के पास नही है। और न ही पंचायत के पास सामग्री पहुची है। इधर स्कूल चारदीवारी के अंदर खुला व्यायाम शाला खोलने का ग्रामीण विरोध कर रहे है। ग्रामीणो का कहना है कि स्कूल अवधि के पहले एवं बाद तथा अवकाश के दिनो मे स्कूल के मुख्य द्वार मे ताला लगा रहेगा, ऐसे मे बच्चे उुबह शाम मे व्यायाम शाला का लाभ नही ले पाएंगे। वही स्कूल अवधि मे भी व्यायाम शाला आने वालो से स्कूल के छात्र छात्रओ को परेशानी होगी एवं विपरीत परिस्थितियो का सामना भी करना पड़ सकता है। व्यायाम शाला से मैदान छोटा हो जाएगा। ऐसे मे स्कूल की अन्य गतिविधियां प्रभावित होगी।

### पं. प्रदीप मिश्रा...

नमस्तुभ्य गुरप के सदस्य दीपक साहू, हरीश साहू सहित सहित इस आयोजन में संरक्षक विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर, पाटेश्वर धाम गुरुदेव बालक दास व सलाहकार पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, तारा शर्मा सहित सभी इस आयोजन में सहयोग कर रहे है।

### युवक से मारपीट...

उसके पिता जी का फोन आया तब वह अपने पिता जी से फोन पर बात कर रहा था तभी पिता जी ने कहा कि वहा नहर के पास शराब पीकर क्यो सोए हो तब मैने पिता जी से कहा कि यह आपको किसने कहा कि मै यहां शराब पीकर सोया हू तब पास मे खड़े युवक दीपक रात्रे तुम किसे कह रहे हो कहकर गाली गलौज करने लगा तब मैने कहा कि मै अपने पिता जी से बात कर रहा है लेकिन वह इसी बात को लेकर मुझसे गाली गलौज व मारपीट करने लगा। जिससे मेरे शरीर के कई हिस्सो मे गंभीर चोट आई है। जिसके बाद प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351 के तहत रिपोर्ट दर्ज किया गया है।

### जुनवानी-चिखली ...

फैसले से साकार होने जा रहा है। इस सकारात्मक बदलाव ने ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी ला दी है। क्षेत्र के पूर्व जनपद पंचायत सदस्य संजय बैस ने इसे क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग बताया, उन्होंने कहा कि इस सड़क से क्षेत्र का विकास तेजी से होगा, और मुख्यमंत्री के इस कदम ने उनकी उम्मीदों को बल दिया है। ग्रामीण हरिश्चंद्र नायक ने बताया कि श्रमदान से बनाए गए इस रास्ते को वाहन योग्य बनाने की उनकी लंबी मांग अब पूरी होने जा रही है। 30 किलोमीटर की दूरी को अब मात्र तीन किलोमीटर में तय करना संभव होगा, जो उनके दैनिक जीवन को क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। यह सड़क केवल दो गांवों को जोड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, और व्यापार जैसी सुविधाओं तक पहुंच बढ़ेगी। जुनवानी से चिखलीटोला तक की यह पक्की सड़क नई उम्मीदों का प्रतीक है। यह केवल एक भौतिक मार्ग नहीं, बल्कि ग्रामीणों के आत्मविश्वास और सरकार के सहयोग का संगम है। आने वाले दिनों में यह सड़क क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। यह सुशासन की जीती–जागती मिसाल है, जो यह संदेश देती है कि सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास से कोई भी सपना असंभव नहीं है। बालोद जिले के इस वनांचल क्षेत्र के लिए यह सड़क न केवल एक राह है, बल्कि उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने का मार्ग है।

## खबर संक्षेप

### मिशन वात्सल्य के कई पदों के लिए सूची जारी

**बालोद।** मिशन वात्सल्य अंतर्गत विभिन्न पदों की पूर्ति हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाईल्ड हेल्प लाईन (1098) के परियोजना समन्वयक, काउंसलर, चाईल्ड हेल्प लाईन सुपरवाईजर एवं केसवर्कर के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रें के परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची जारी की गई है। जिसे कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर भी अवलोकन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में दावा आपत्ति जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास जिला बालोद के कक्ष क्रमांक 79 में स्पीड पोस्ट, कुरियर, रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से 13 जून को शाम बजे तक बजे तक प्रेषित कर सकते है।

### बालोद जिला पंचायत की सामान्य सभा 13 को

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 13 जून को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### केंद्र संविधान के विपरीत काम कर रहा हैः ताम्रध्वज

**दुर्ग।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली एवं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक का आयोजन राजीव भवन में किया गया। रैली में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा और संविधान बचाने का संकल्प लिया। सभा में जिलेभर से सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मौजूदा सरकार बाबा साहब अंबेडकर के संविधान को बदलना चाहती है। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य हर बूथ और पंचायत स्तर पर मजबूती से संगठन खड़ा करना है। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रदीप चन्द्रकार, महापौर रिसाली शशि सिन्हा, जीतेन्द्र साहू, नंद कुमार सेन, योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, रिवेन्द्र यादव , देवेन्द्र देशमुख आदि उपस्थित थे।

### मुआवजा भुगतान में अनियमितता की होगी जांच

**दुर्ग।** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत जिला दुर्ग एवं राजनांदगांव में अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजा भुगतान में संभावित अनियमितताओं की जांच की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार यह कार्रवाई व्यापक लोकहित को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।

**बैठक :** जीवन दीप समिति की बैठक कलेक्टर की उपस्थिति में हुई

# जिला अस्पताल परिसर से गुमटियां हटाई जाएगी बनाया जाएगा कैंटिन, मरीजों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कैंटिन से मरीज और उनके परिजनों को मिलेगी सुविधा

कलेक्टर एवं जिला अस्पताल बालोद के जीवन दीप समिति के अध्यक्ष दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला अस्पताल के सभाकक्ष में जीवन दीप समिति कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं जीवन दीप समिति कार्यकारिणी सभा के मनोनित सदस्य सर्व श्री यशवंत जैन, चेमन देशमुख, देवलाल ठाकुर, राकेश यादव, कृष्णकांत पवार, विनोद कौशिक के अलावा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सूर्यवंशी, मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरके श्रीमाली एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा चिकित्सकगण उपस्थित थे।

बैठक में जिला अस्पताल की सुरक्षा, परिवेश एवं अन्य आवश्यक कारणों से जिला अस्पताल के मुख्य गेट के सामने अवैध रूप से लगाए गए गुमटी, हॉटल आदि को हटाने के अलावा जिला अस्पताल परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए भोजन, जलपान आदि की बेहतर सुविधा प्रदान करने कैंटिन निर्माण करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में जिला अस्पताल बालोद में चिकित्सकों एवं आवश्यक मानवीय संसाधनों के अलावा अन्य जरूरी चीजों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिससे की जिला अस्पताल बालोद में मरीजों की बेहतर इलाज के साथ-साथ उन्हें अन्य जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सके।




### मरीजों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करना चाहिए

बैठक में निर्धारित एजेंडे के आधार पर विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कलेटक्टर मिश्रा ने कहा कि चिकित्सीय कार्य मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी होती है। इसलिए अस्पताल के प्रत्येक चिकित्सक एवं अधिकारी-कर्मचारियों को विपरित परिस्थितियों में भी मरीजों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करना चाहिए। मिश्रा ने कहा कि यदि चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों का मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ व्यवहार सौम्य एवं संयमित हो तो मरीजों को तत्काल राहत मिलने के साथ-साथ बहुत सारी समस्याओं से तत्काल राहत मिल जाता है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के स्वीकृत कुल पद के विरूद्ध वर्तमान में कार्यरत रेडियोलॉजिस्ट की संख्या के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा बैठक में उपस्थित सदस्यों ने 'हमर लैब' तथा रक्तदान आदि की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और अस्पताल अधीक्षक को रक्तदान हेतु जनजागरूकता अभियान के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला अस्पताल में माईनर एवं मेजन ऑपरेशन की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा जीवन दीप समिति के सदस्यों ने अस्पताल में सुरक्षा की -ष्टि से आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा एवं हाईमास्ट लाईट लगाने की आवश्यकता बताते हुए अधिकारियों को इस पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उपायों के संबंध में भी चर्चा की गई। इसके अलावा बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के उपायों के संबंध में चर्चा करते हुए अधिकारियों को इसके लिए जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को जिला खनिज न्यास निधि से जिला अस्पताल में जरूरी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु तत्काल प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपस्थित जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं जीवन दीप समिति के सदस्यों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिला अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु जन सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए दान दाताओं से मदद की अपील के लिए भी पहल करने को कहा। इसके अलावा जिला चिकित्सालय बालोद से अन्य अस्पताल में रेफर करने की आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंश के लिए शुल्क की दर भी निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में वर्षा ऋतु के मद्देनजर सर्पदंश से होने वाले जनहानि की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु अस्पतालों में पर्याप्त मात्र में एंटी वेनम आदि की पर्याप्त मात्र में उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही जीवन दीप समिति के सदस्यों के द्वारा अस्पताल में बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत करने तथा मरीजों से फीडबैक लेने के संबंध में भी आवश्यक सुझाव दिए गए। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि सभी के सहयोग से जिला अस्पताल बालोद की व्यवस्थाओं को उत्दृष्ट बनाया जाएगा। जिले एवं अस्पताल में भतएँ होने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## युक्तियुक्तकरण से 10463 स्कूल होंगे बंद और 45000 शिक्षकों के पद होंगे समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- युक्तियुक्तिकरण के खिलाफ कांग्रेसियों का धरना-प्रदर्शन

बीजेपी शासन के युक्तियुक्तिकरण नीति के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में तथा क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़यिा गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद व जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के विशेष उपस्थिति में नगर के कांग्रेस भवन में बी जे पी शा स न के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।क्षेत्रीय विधायक अनिला भेड़यिा ने कहा कि कांग्रेस के शासन में शिक्षा को बढ़ावा देने छग के ग्राम ग्राम में स्कूल खोला गया शिक्षा नीति को मजबूत किया गया वही बीजेपी की सरकार शिक्षा नीति को कमजोर कर रही है वही बडी संख्या में शराब दुकान को खोलकर नशे की ओर छग की जनता को धकेला जा रहा है।शिक्षक भर्ती करने के समय मे स्कूलों को बंद किया जा रहा है।स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूर्ण करने के बजाय युक्तियुक्तकरण के नाम पर बंद किया जा रहा है।जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी बीजेपी शासन के गलत नीतियों का विरोध दमदारी से करना है शिक्षा के क्षेत्र में युक्तियुक्तकरण के नाम से भी हथकंडा अपनाया जा रहा है।युक्तियुक्तकरण के नाम से भारी धांधली व भ्रष्टाचार किया जा रहा है बालोद जिले के 354 स्कूलों को बंद किया गया है।विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि सरकार के विरोधाभास फैसले के खिलाफ जमकर हल्ला बोलना है।सोए हुए सरकार को जगाने का कार्य करना है। इससे लाखो की संख्या में शिक्षक व स्वीपर रसोइया सहित अन्य कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढा ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से प्रदेश के 10463 स्कूल सीधे तौर पर बंद हो रहे हैं वही 45000 शिक्षक के पद समाप्त किए जा रहे हैं।

**शराब और बीयर की दुकान खोलना दुर्भाग्यजनक** - गोपाल प्रजापति ने कहा कि यह छग का दुर्भाग्य है कि जगह जगह शराब के बियर के दुकान खोलने के आदेश दिए जा रहे हैं वहीं शिक्षा के मंदिर को बंद किया जा रहा है।छग के विद्यार्थियों के साथ अन्याय किया जा रहा है। ततपश्चात जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी के नेतृत्व में नगर के कांग्रेस भवन से रैली की शक्ल में सीएम के नाम ज्ञापन देने व नगर के बीईओ कार्यालय घेराव के लिए कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता रवाना हुए।पुराने नप कार्यालय चौक बाजार चौक पुराने थाने आदि मार्ग से होते हुए रैली बीईओ कार्यालय पहुंची।इस दौरान बीजेपी शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।बीईओ कार्यालय के समक्ष भी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की व युक्तियुक्तकरण की नीति को वापिस लेने शासन के ऊपर दबाव बनाया गया।चंद्रेश हिरवानी के नेतृत्व में एस डी एम शिवनाथ बघेल व एबीईओ अश्वन कुमार साहू को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।




### ये रहे मौजूद

अधिकारियों ने कार्यालय के बाहर बेरिकेड्स के पास आकर ज्ञापन लिया।कार्यकर्ताओ को ऑफिस के अंदर प्रवेश नही करने दिया गया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री रतिराम कोसमा हस्तीमल सांखला, अनिल लोढा प्रशांत गोविंद चंद्राकर माधव गिरी गोस्वामी मेघनाथ साहू बोकाडे, छबीला सिन्हा मेघनाथ साहू दिलीप बघेल नेतराम भांडेकर किशोर दीवान जुगरु बघेल राजेन्द्र निषाद राकेश सांखला केशव शर्मा सरोज पटेल शेख फरीद सिद्दीकी, कल्याण गिरी लोकनाथ निषाद चंद्रकुमार देशलहरे भूपेंद्र साहू दामेश्वर देशमुख उमेन्द्र सिंह कलिहारी मो इशाक खान डूमन लाल साहू तरुण कुमार बिसाली राम शिवभजन साहू आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर महिलाओं ने बनाया सीड बाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रुरल डेवलपमेंट ( SIRD) के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर स्व सहायता समूहों के सहयोग से सीड बॉल बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया । विदित हो कि ब्लॉक के वनांचल ग्राम कमकापार , टेकापार , हितापठार व पिडियाल में नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से जलग्रहण योजना का संचालन SIRD के द्वारा किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से ग्रामीण परिवेश को बचाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे है। कम मेहनत से ज्यादा पौधरोपण के लिए इमली , महुआ , नीम ,चार , खम्हार करंज एवं सिदुरी सहित फलदार पौधों सहित कटहल एवं आम, अमरूद आदि के सीड बाल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया एवं कार्यशाला में लगभग 5000 सीड बाल बनाए गए। इन सीड बाल को सूखने के बाद बरसात मे उचित स्थानो पर फेंक दिया जाएगा जिससे पौधे अंकुरित होंगे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुये संस्था की अध्यक्ष श्रीमति वीणापाणि खरे ने बताया कि हमारे आसपास जंगल खत्म होते जा रहे है , जिससे मौसम में परिवर्तन हो रहा है , अतः ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लिए सीड बाल एक अच्छा विकल्प है।ज्ञात हो की संस्था SIRD के द्वारा विज्ञानोदय नामक एक मिशन चलाया जा रहा है , जिसके अंतर्गत ग्रामीणो को सामान्य विज्ञान की जानकारी के साथ साथ जलवायु परिवर्तन पर जागरूक किया जा रहा है। संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला समन्वयक श्रीमति प्रतिमा साहू , सतेन्द्र सिन्हा , सौरभ दास , रोशन लाल व जलग्रहण समिति के अध्यक्ष पुनीत राम गोटा आदि का विशेष सहयोग रहा।





### गुरूर थाना परिसर में पौधारोपण किया गया

**गुरूर।** पुलिस थाना गुरुर के प्रांगण में भारतीय जनता पाटएँ विधि प्रकोष्ठ जिला बालोद के संयोजक रामसहाय साहू के आतिथ्य मे थाना प्रभारी सुनील तिकएँ एवं पुलिस स्टाफ की उपस्थिति में वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। थाना प्रभारी सुनील तिकएँ ने कहां की पेड़ लगाना हम सब का दायित्व है एक पेड़ मां के नाम न केवल एक भावनात्मक पहल है बल्कि यह प्रकृति और जीवन के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। इस अवसर पर अधिवक्ता एवं भारतीय जनता पाटएँ विधि प्रकोष्ठ जिला बालोद के संयोजक रामसहाय साहू ने विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य क्या है बताते हुए संदेश दिया कि जन्मदिन के अवसर पर पेड़ लगाएं और लगवाने के लिए प्रेरित करें तभी हम लोग का जीवन सुरक्षित होगा। अगर हमारे घर में या समाज में बच्चे का जन्म होता है तो पौधा लगाकर उत्सव मनाए।









## खबर संक्षेप



### संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत होगी कार्यशाला

**गुरूर।** प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण होने अवसर पर पूरे देश मे संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम आयोजित की जा रही है, उसी कड़ी में भाजपा मंडल गुरुर में भी 14 जून को दोपहर 03 बजे मंडल कार्यालय गुरुर में कार्यक्रम–सह–कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमे जिले से वक्ता भी आएंगे, कार्यक्रम की तैयारी हेतु भाजपा मंडल गुरुर में मंडल पदाधिकारियो की प्रथम एवं बैठक आयोजित की गई थी, जिसमे आगामी 14 तारिख के कार्यक्रम के साथ–साथ 5 जून से 15 अगस्त तक के कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्य चर्चा हुई। प्रत्येक ग्राम/नगर/वार्ड/ शक्तिकेन्द्र/ बूथ में मोदी जी विकास कार्यो को सभा/विचार गोष्टी के माध्यम से जनता को बताया जावेगा। मीटिंग में मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, उपाध्यक्ष लेखक चतुर्वेदी, प्रेम साय कलिहारी, धर्मेंद्र साहू, गणेश्वरी खरेंद्र, महामंत्री लिकेश्वर साहू, मंत्री दिनेश्वरी सिन्हा, जितेश्वरी निषाद, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, पार्षद राकेश दीवान उपस्थित थे।

### द्वितीय मुख्य परीक्षा में समस्त विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा द्वितीय मुख्य परीक्षा फार्म वर्ष 2025 हाई स्कूल, हायर सेंकेण्डरी, अवसर परीक्षा मे फार्म भरने को लेकर नया निर्देश जारी किया गया है। आदेश मे कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 के तहत विद्यार्थीयो हेतु एक शैक्षणिक सत्र मे दो मुख्य परीक्षा आयोजित किया जाना है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के तहत द्वितीय मुख्य परीक्षा मे समस्त विद्यार्थी आवेदन कर सकते है जो प्रथम मुख्य परीक्षा मे पंजीकृत हो। ऐसे समस्त विद्यार्थी जो पूरक, अनुत्तीर्ण अथवा उत्तीर्ण है अंक सुधार हेतु इस द्वितीय मुख्य परीक्षा मे आवेदन कर सकते है। मण्डल की द्वितीय मुख्य परीक्षा हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य नियमित अवसर के विद्यार्थीयो के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने के लिए सामान्य शुल्क के साथ 20 मई से 10 जून तक तथा विलंब शुल्क के साथ 11 जून से 20 जून तक एवं वि"ाेश विलंब शुल्क के साथ 21 जून से 30 जून तक तिथि निर्धारित की गई है। जो छात्र उक्त परीक्षा मे सम्मिलित होना चाहते है वे निर्धारित तिथि तक नियमित परीक्षार्थी अपने विद्यालय से तथ क्रेडिट योजना के अंतर्गत सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी संस्थाओ के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

### गणेश मंदिर के पुनर्निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार मे प्राचीण गणेश मंदिर का पुनर्निर्माण के लिए विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। पूजन पश्चात मंदिर के जीर्णशीर्ण दीवारो को तोड़ने का कार्य प्रारंभ हुआ। ग्राम कोलिहामार मे स्थित प्राचीन गणेश मंदिर दशको पुराना होने के कारण कमजोर हो गया था। मंदिर का गर्भगृह भी बहुत छोटा था जिससे श्रद्धालुओ को परेशानी होती थी। इन परिस्थितियो को देखते हुए ग्राम के युवाओ ने वरिष्ठो के संरक्षण मे श्री गणेश मंदिर निर्माण नव युवा समिति का गठन किया। देऊर मंदिर गुरूर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय द्वारा भूमिपूजन कार्य संपन्न कराया गया। भूमि पूजन प"चात उन मूर्तियो को स्थानांतरित किया गया जो मंदिर प्रांगण मे रखे गए थे। भूमिपूजन निर्माण समिति अध्यक्ष कमल नारायण साहू, संरक्षक खेदूराम साहू, ग्राम कोलिहामार के ग्राम पटेल सूरज लावत्रे, सहित उपाध्यक्ष दीपेश कुमार पटेल, ज्ञाने"वर साहू, कोशाध्यक्ष पवन कुमार साहू, उप कोशाध्यक्ष लीलेश कुमार, डाटा ऑपरेटर पंकज कुमार, सचिव गोवर्धन लाल, सह सचिव कमलेश अड़िल, सदस्य रोहन कुमार, सोहन पटेल, वि"वनाथ साहू, विनायक पटेल, योगेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, देवनारायण साहू, एवन कुमार, किशन पटेल, कुंज बिहारी, मिडिया प्रभारी कृत कुमार, क्षितिज कुमार उपस्थित थे।

**समस्या : गुरूर अरमरीकला मुख्य मार्ग के बह जाने का खतरा उत्पन्न हो गया**

# बांधा तालाब की दो साल पूर्व अंधाधुंध की खुदाई अब बना ग्रामीणों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम जेवरतला मे स्थित बांधा तालाब से दो साल पूर्व निकाले गए सैकड़ो हाईवा मुरूम का दुष्परिणाम अब सामने आने लगा है। तालाब पार मे हो रही मिट्टी कटाव से अब गुरूर अरमरीकला मुख्य मार्ग के बह जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणो की शिकायत के बाद जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने प्रभावित स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियो से तत्काल इस पर मरम्मत कार्य करने कहा है। ग्रामीणो ने बताया दो साल पूर्व बने मुड़पार बासीन मार्ग मे मुरूम मिट्टी के लिए सड़क निर्माण के लिए ग्राम जेवरतला के बांधा तालाब से लगभग 900 हाईवा मिट्टी मुरूम निकाला गया। तालाब की खुदाई करने के पहले ठेकेदार ने ग्रामीणो को आश्वस्त किया था कि वे तालाब पार की मजबूती को बनाकर देंगे एवं तालाब को समतल बनेंगे। ग्रामीणो का आरोप है कि ठेकेदार ने तालाब से मिट्टी मुरूम ले जाने के बाद तालाब के पार की मरम्मत नही की और तालाब को समतल नही किया। जिस मार्ग से सैकड़ो हाईवा मुरूम मिट्टी का परिवहन किया गया वह मार्ग कमजोर हो गया एवं तालाब मे जगह जगह खतरनाक गड्ढे हो गए। कमजोर पार के कारण बीते बरसात मे पानी ने तालाब के पार को काटना प्रारंभ कर दिया। बीते मई माह मे हुई बारिश से यह कटाव और बढ़ गया अब कटाव गुरूर अरमरीकला मुख्य मार्ग के कालर को भी काटते हुए डामर सड़क तक आ गया है। यदि तत्काल उस पर मरम्मत कार्य कर पार को मजबूती नही दी गई तो यह सड़क बह जाएगी।

■ ठेकेदार ने तालाब में मजबूत पार बनाने का दिया था आश्वासन, पर पूरा नहीं किया



**सड़क के किनारे 12–15 फीट गहरा गड्ढा**

प्रभावित स्थल का निरीक्षण के उपरांत जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने कहा कटाव से सड़क के नीचे आधार कमजोर हो गया है, यदि इस पर तत्काल कार्य नही किया गया तो बरसात मे यह सड़क बह जाएगी। सड़क के किनारे 12–15 फीट गहरा गड्ढा हो गया है। उन्होने प्रभावित स्थल से फोन पर अधिकारियो को इसकी सूचना दी। सरपंच लीले"वर साहू, ग्रामीण ललित कुमार साहू, भगवान सिंह साहू, हुमान सिंह साहू, खोरबाहरा राम साहू, दयालु राम साहू ने बताया धमतरी के बजरंग नाम के ठेकेदार ने तालाब से मुरूम निकाला था एवं भारी वजन के हाईवा चलने के कारण सड़क किनारे स्थित तालाब का पार कमजोर हो गया। जिससे पार पिछली बरसात मे बह गया एवं कटाव बढ़ते हुए सड़क तक आ गया है। यदि तत्काल मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण नही किया गया तो सड़क बह जाएगा।

ग्रामीणो ने बताया हम बीते एक साल से इसके लिए लगातार शासन प्रशासन से गुहार लगा रहे है पर किसी ने नही सुनी शासद शासन प्रशासन सड़क के बह जाने का इंतजार कर रही है। ग्रामीणो ने बताया पार के बहने से 300 एकड़ मे कृशि कार्य मे परेशानी होगी एवं 7 एकड़ का तालाब ठीक से भर भी नही पाएगा। बीते दो सालो से तालाब मे पानी ठीक से नही भर रहा है जिससे गर्मी मे निस्तारी की समस्या हो रही है। खुदाई के पूर्व तालाब गर्मी मे भी भरा रहता था एवं यह तालाब ग्रामीणो के लिए निस्तारी का प्रमुख माध्यम था।

## कृषि संकल्प अभियान की तिथियां घोषित




**डौंडी।** विकसित कृषि संकल्प अभियान ग्राम अरमुरकसा से प्रारम्भ हुआ केंद्र शासन द्वारा कृषि को विकसित कृषि बनाने एवं नई कृषि तकनीकियों का प्रचार प्रसार करने तथा किसानों का फीडबैक लेने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारम्भ किया गया है। जो कि 29 मई से 12 जून तक चलेगा। इसी क्रम में विकास खंड डौंडी में यह अभियान 7 जून से ग्राम ग्राम अरमुरकसा से शुरू हो रही है। प्रत्येक दिन विकास खंड के दो ग्रामों में यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में डौंडी विकास खंड में 7 जून को ग्राम अरमुरकसा और अड़जाल दिनांक 8 जून को चिपरा और भैंसबोड़ दिनांक 9 जून को बकलीटोला और गिधाली दिनांक 10 जून को गुजरा, खलारी, अवारी और खैरवाही दिनांक 11 जून को साल्हे, चिखली, पथराटोला और खम्हारटोला दिनांक 12 जून को टेकाढओड़ा, धोतीमटोला, घोटिया और पचेड़ा। इस अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के साथ साथ कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मछली पालन विभाग के अधिकारियों के द्वारा विभिन्न योजनाओं और तकनीकियों की जानकारी दिया जाएगा साथ साथ इस कार्यक्रम में जिला स्तर एवं जनपद स्तर के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्र के किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहेगी।

## सरपंच,पंचों व रोजगार सहायक की मनमानी पर मेट संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंण्डीलोहारा

ब्लॉक मनरेगा मेंट संघ डौंडीलोहारा पंजीयन क्रमांक 23 196/12 है, संघ के माध्यम से अपने हक और अधिकार के लिए प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव जी तथा मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी श्री नायक जी को लिखित ज्ञापन दिया गया जिसमें कुछ ग्राम पंचायतों जैसे रीवागहन तथा परसाड़ीह (सु) में सरपंच,पंचों तथा रोजगार सहायक की मनमानी से हमारे मेंट साथी जो कार्यरत है उन्हें बिना कारण बिना कुछ गलती के और बिना लिखित आदेश के कार्य से निकाला जा रहा है जो अवैधानिक रूप से अमान्य है जिसकी जानकारी संघ के माध्यम से अधिकारियों को दिया गया एवं बिना कारण के प्रशिक्षित मेंट साथियों को नहीं निकलने का आदेश समस्त पंचायतों में प्रेषित करने के लिए आग्रह किया गया यदि संघ की आग्रह का अवहेलना करता है तो संघ द्वारा उग्र कदम उठाते हुए उग्र आंदोलन करने के लिए तैयार है इससे पहले संघ के माध्यम से कलेक्टर महोदय जी एवं जिला पंचायत बालोद में ज्ञापन दिया जा चुका है परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। आज मनरेगा के कार्य को प्रशिक्षित मेंट के बिना पंचों के माध्यम से करवाया जा रहा है जबकि पंच का कार्य पंचनामा करना व निगरानी करना होता है और इन्हीं पंचों के मनमानी की वजह से गोदी की गहराई नहीं के बराबर हो रहा है सिर्फ औपचारिकता निभाया जा रहा है मजदूर भी आज



जितना राहत देने की कोशिश करो उल्टा मेंट साथियों पर हावी होने की कोशिश करता है मनरेगा मेंट संघ को तन मन धन से सहयोग करने वाले विष्णु कोठारी अध्यक्ष मेंट संघ डौंडीलोहारा, कीर्तन देवांगन उपाध्यक्ष, ओंकार साहू कोषाध्यक्ष, नोहर साहू सचिव ,तीरथ साहू उपाध्यक्ष मेंट संघ जिला बालोद , प्रीतम साहू सचिव जिला मेंट संघ बालोद ,कविता चतुर्वेदी, पूर्णिमा प्रजापति, पूरंजन साहू, लोकेश्वरी देशलहरें, अश्वनी साहू, लता सांतर गीता बघेल ,ललिता ,जयश्री साहू ,शैलेंद्र मोहनमाला ,शिवकुमार, भूषण बसुरिया, नकुल चंद्राकर नेहरू कोसमा एवं अन्य मेट साथी उपस्थित हुए एवं आगामी बैठक 28 जून 2025 को संभावित है जिसमें आप सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

**हेल्थ अवेयरनेस प्रोग्राम सफलता पूर्वक संपन्न किया गया**

## अंडा के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में पौष्टिक आहार व सेहत की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम अंडा पंचायत भवन में फूडथेरेपिस्ट,न्यूट्रिशनिस्ट , स्वास्थ्य हेल्थ जागरूकता अवेयरनेस प्रोग्राम सफलता पूर्वक संपन्न किया गया जिसमे हेल्थ कोच जया रवि वर्मा द्वारा यह बताया गया कि क्या खाएं, क्या ना खाएं, तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का निर्देश दिया, बच्चों को यह सिखाया गया। क्या खाएं अपने घर के पौष्टिक खाने को अपनाए, मौसमी फल तथा हरी साग सब्जियों का सेवन करें, जैसे केला ,अनार, सेब, अंगूर, नाशपाती, टमाटर ,चुकंदर , पालक आदि , क्या ना खाएं अधिक तली हुई,मसालेदार ,बासी भोजन ,पैकेट फूड , अधिक प्रोसेस फूड आदि। स्वस्थ जीवन शैली, सुबह जल्दी उठने की आदत डालें और सुबह उठने साथ एक से दो गिलास गुनगुना पानी पीने की आदत डालें, हल्का नाश्ता करें तथा खाने के बीच-बीच में पानी न पिए खाने के 15 मिनट पहले या 15 मिनट बाद पानी पिए अधिक फाइबर युक्त खाने चोकर युक्त आटे की रोटी, फल तथा मौसमी सब्जियां को अपने भोजन में ऐड करें व्यायाम प्राणायाम योगासन करें। जितेन्द्र वर्मा द्वारा यह बताया गया कि खाने से पहले कम से कम अपने हाथों को अच्छे से धोएं , और बताया गया कि केवल खाना ही काफी नहीं है क्या खा रहे हैं कितना खा रहे हैं यह भी जानना बहुत जरूरी है तथा पौष्टिक खाने को अपनाने पैकेट फुट को कम से कम खाने तथा आयुर्वेद जीवन शैली को अपनाने का निर्देश दिया। किरण वर्मा द्वारा यह बताया गया कि यदि आप सही खान-पान रखते हैं तो आपको कोई बीमारी नहीं हो सकती तथा पौष्टिक खानों को अपनाने का निर्देश दिया,खेलकूद में रुचि बनाए बनाए रखने तथा वर्तमान में फैल रही बीमारियों से बचने के लिए निर्देश दिए। पुष्पांजलि साहू ने यह बताया गया कि कभी अपने सुबह के नाश्ते को स्कीप ना करें और अधिक पौष्टिक अधिक प्रोटीन युक्त खाना जैसे दाल, राजमा , सोयाबीन को अपने खाने में ऐड करें तथा स्वस्थ जीवन शैली को अपनाए। दिपक वर्मा द्वारा यह बताया गया कि रोज कोई ना कोई एक्टिविटी करें अच्छा खान-पान रखें मौसम के अनुसार हरि सब सारी सब्जियां, फलों का सेवन करें।

■ अपने सेहत के लिए खान पान सुधारना जरूरी : जया रवि



**कार्यक्रम में ये शमिल हुए**



इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में अतिथि गण अंडा, विनायकपुर क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिन्हा, ग्राम पंचायत आमटी मासाभाट सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी,जया रवि वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, किरण वर्मा,दिपक वर्मा, पुष्पांजली साहू,अजय धीवर, लक्ष्मी धीवर, विजय साहू,अनुपमा ,ममता धीवर, तुलसी धीवर,उभे लाल साहू,कुमारी साहू, व्यास नारायण मारकाण्डे, जशवंत चौधरी, लक्ष्मी साहू,जास्वी साहू, मोहन ठाकुर,लुकेश्वरी साहू ,संजय साहू, सुनीता साहू, उदय साहू , कविता साहू, कुमार साहू,तनुजा चन्द्राकर,रज्जू चन्द्राकर,ममता चन्द्राकर,उमा सिन्हा ,बंसता सिन्हा, एमन चन्द्राकर, पोषण,शेल चन्द्राकर, खिलेन्द्र संजू यादव, कुमारी चन्द्राकर,थनवार चन्द्राकर,पवन देशमुख,रूपा देशमुख, योगराज साहू ,प्रशांत साहू,नोहर लाल चन्द्राकर सहित अन्य आस पास के ग्रामीण जन बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग संजय कुमार साहू और एमन चन्द्राकर का योगदान रहा।

### धोबी समाज के महा अधिवेशन 15 को

**अंडा।** धोबी समाज महा अधिवेशन 15 जून को ग्राम टेकारी मे होगा समाज के जिला युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने बताया इस महाधिवेशन मैं विवाह योग्य बेटा बेटी अपना परिचय देकर मनपसंद जीवनसाथी चयन कर सकेंगे समाज जन आदर्श विवाह के लिए प्रयास कर रहे हैं अधिवेशन में एक से बढ़कर एक रचनात्मक निर्णय लिये जाएंगे इस महाधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह के अलावा अनेक महान हस्तियों को आमंत्रित किया गया है अधिवेशन की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर करेंगे इस आयोजन में शामिल होने के लिए प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर उपाध्यक्ष धनेश्वर निर्मलकर जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर किशोर निर्मलकर गन्नू लाल रजक भिलाई छोटू निर्मलकर देवादा राजूराम निर्मलकर साकरा प्रदेश महासचिवबजरंगी छाटा माहेश्वरी निर्मलकर विनोद निर्मलकर राजनांदगांव जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारीयों ने विवाह योग्य बेटा बेटी को परिचय देने के लिए साथ में लेकर सामाजिक व्यवस्था से पहुंचने का संकल्प लिया।

## पनिका समाज ने मनाया कबीर जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंण्डीलोहारा

ब्लाक के अन्तर्गत आलीखुंटा में अखिल भारतीय पनिका समाज ने कबीर जयंती महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया।शोभायात्रा शीतला माता मंदिर परिसर से गली भ्रमण के साथ ध्वजारोहण व पुजा अर्चना करके अतिथियों का श्रीफल व गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया, जिसके मुख्य अतिथि किशोरी साहू, अध्यक्षता



उपसरपंच यादराम सिन्हा, विमल साहू पटेल,केशव साहू कमलेश भण्डारी,नन्दू जमदार, गोपाल गजपाल, साधु राम यादव, सन्तोष गुप्ता,टी डी मानिकपुरी रिपोर्टर, ब्लाक अध्यक्ष दानेश्वर मानिकपुरी, सचिव आरती दास मानिकपुरी, कन्हैया दास मानिकपुरी, लीलाबाई मानिकपुरी,रजुला मानिकपुरी ज्योति मानिकपुरी महिला अध्यक्ष, ग्रामवासी,सामाजिक बन्धु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे व चौका आरती श्री रामदास मानिकपुरी महन्त के द्वारा सम्पन्न हुआ व भोजन भंडारा भी रखा गया था। जिसमें समस्त ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**विश्व पर्यावरण दिवस पर किये गए अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किया गया**

## ब्रह्माकुमारीज ने प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारीज द्वारा पूरे भारत में सरकार के साथ मिलकर प्लास्टिक मुक्त भारत व एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सहयोगी संस्था राजयोग एज्युकेशन एण्ड रिसर्च फाउंडेशन के मेडिकल विंग द्वारा भारत के बिभिन्न राज्यों में विश्व पर्यावरण दिवस पर किये गए अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उसी के अंतर्गत आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुरुर में प्रभु उपहार सेंटर में प्लास्टिक के उपयोग से दूर रहने एवं अधिक से अधिक संख्या में पौधा रोपण व उसकी सुरक्षा के जन जागरण लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गुरूर कुन्ती सिन्हा, बीएल देवगन, ब्रह्मा कुमारी मधु, ब्रह्मा कुमारी सरस तथा भाई बहनों की उपस्थित में आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में व पौधारोपण से होने वाले जीवन फायदे के बारे में विस्तार से समझाया। अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि इस वर्ष शासन द्वारा पौधों की सुरक्षा हेतु फंड आवंटित किए जाने के बारे में जानकारी दिए। विश्व पर्यावरण दिवस दिवस के बारे बताते हुए ब्रह्मा कुमारी सरस दीदी ने कहा कि विश्व को हमे प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे जन जन को जाकरुक करने हेतु मुहिम चलाना होगा। हमारी आने वाली पीढ़ी को जल जंगल व जमीन के संकट से बचाना होगा। इसके लिए हमें पौधा लगाने व पौधे की संरक्षण करने जल का संरक्षण करने व धरती पर होने वाले प्लास्टिक के कहर से बचाना होगा इस विषय पर विस्तार से समझाइश दी गई।

**लाखों ने राजयोग अपनाया**

ब्रह्माकुमारीज संस्थान विगत कई वर्षों से इस प्रकार का आयोजन करते आ रहा है जिसका परिणाम यह रहा कि हजारों लाखों भाई बहनों ने राजयोग मेंडिटेशन को अपने जीवन में अपनाकर अपने जीवन को तनाव मुक्त कर बेहतर बनाया है, इसके अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज के द्वारा बिभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से पूरे भारत में स्कूल, कॉलेज, विश्व विद्यालय, स्लम एरिया एवं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, पुरुषो एवं महिलाओं के लिए अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। बच्चों के द्वारा नृत्य नाटिका व डांस कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जिसमें पर्यावरण को बचाने व पेड़ो को न काटने का संदेश दिया गया।भारत को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए शपथ लिए। वर्षा बहन ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को ईश्वरी सौगात तथा प्रसाद देकर किया गया।



